तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025



11 गादीरास, सुकमा और तोंगपाल में खरीदी व्यवस्था पर जताई संतुष्टि





12 एथलेटिक्स में 4 गोल्ड सहित जीते 15 पदक






## खबर संक्षेप

### खेमेश्वर की आंख का हुआ ऑपरेशन



**जगदलपुर।** बस्तर कलेक्टर हरीश एस के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक द्वारा अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत विशेष प्रयास किए जाने के निर्देश उपरांत बड़े पारा कुरंदी निवासी खेमेश्वर कश्यप पिता दीनबंधु कश्यप उम्र 11 वर्ष, जो मोतियाबिंद की वजह से अपने बाएं आंख से देखा नहीं पा रहे थे। कुरंदी के नेत्र सहायक अधिकारी लक्ष्मी यादव के विशेष प्रयास से बुधवार को महारानी अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता थॉमस द्वारा उनके आंख का ऑपरेशन कर उन्हें नेत्र ज्योति प्रदान की गई। इस अवसर पर नेत्र रोग विभाग के सभी कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

### कन्या पॉलिटेक्निक में एड्स जागरुकता पखवाड़ा



**जगदलपुर।** शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में एड्स जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन एक से 15 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य छात्राओं एवं समुदाय में एचआईवी, एड्स के प्रति सही जानकारी और जागरूकता फैलाना है। एक दिसंबर को संस्था में एड्स जागरूकता शपथ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने और जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। दो दिसंबर को एचआईवी, एड्स कारण एवं बचाव पर नारा लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें छात्राओं ने एड्स से संबंधित सामाजिक, स्वास्थ्य एवं जागरूकता विषयों पर अपने विचार प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए। तीन दिसंबर को भी एचआईवी, एड्स कारण एवं बचाओ थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से एड्स जागरूकता संदेशों को प्रभावशाली रूप में दर्शाया। एड्स जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत 11 दिसंबर को संस्था के मैदान में मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया।

## खेल प्रतियोगिता : दूसरे दिन 4 स्वर्ण, 5 रजत, 1 कांस्य पदक पर सुकमा का कब्जा

# बस्तर ओलम्पिक में सुकमा जिले ने कई स्पर्धाओं में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर ओलम्पिक में सुकमा जिले के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए परचम बुलंद किया। सबसे रोमांचक मुकाबले में फुटबॉल जूनियर बालक वर्ग के फाइनल में सुकमा ने जगदलपुर को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों के बेहतरीन तालमेल और खेल भावना ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

- फुटबाल जूनियर में सुकमा ने जगदलपुर को हराकर जीता खिताब

अन्य स्पर्धाओं में भी सुकमा के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। लंबी कूद जूनियर वर्ग में सुकमा ने स्वर्ण पदक जीता। वेटलिफ्टिंग सीनियर बालक वर्ग में भी सुकमा के खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बैडमिंटन में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जूनियर बालक डबल और सीनियर बालक सिंगल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए।

रजत पदक की बात करें तो बैडमिंटन जूनियर बालिका डबल, भाला फेंक जूनियर बालक, तवा फेंक जूनियर बालक, खो-खो सीनियर बालिका और कराटे सीनियर बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं भाला फेंक जूनियर बालक वर्ग में कांस्य पदक भी सुकमा ने अपने नाम किया। बस्तर ओलंपिक के दूसरे दिन 04 स्वर्ण, 05 रजत, 01 कांस्य पदक पर सुकमा ने कब्जा किया।

### अथक परिश्रम का परिणाम

नोडल अधिकारी आशीष राम ने बताया कि कहा कि यह सफलता जिले में मौजूद खेल प्रतिभाओं और उनके अथक परिश्रम का प्रमाण है। बस्तर ओलम्पिक में सुकमा की यह उपलब्धि जिले की खेल क्षमता को नई पहचान दिला रही है।

## खो-खो में कांकेर ने जीता खिताब, सुकमा की बालिकाओं ने दमदार प्रदर्शन से जीता दिल

**जगदलपुर।** बस्तर ओलंपिक के सीनियर बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में इस बार खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। कांकेर और सुकमा के बीच हुआ फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहाँ दोनों ही टीमों ने बेहतरीन फुर्ती, कसी हुई रणनीति और अद्भुत टीमवर्क का परिचय दिया। इस कड़े संघर्ष के बाद कांकेर की टीम ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया और खिताब अपने नाम किया। वहीं सुकमा की बालिकाओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नारायणपुर की टीम तृतीय स्थान पर रही।



प्रतियोगिता में विशेष रूप से सुकमा की खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने सभी का ध्यान खींचा। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली इन बच्चियों ने अपने समर्पण और मेहनत से यह साबित किया कि प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती। एकलव्य छिंदगढ़ से सुकमा आई मंजू पोड़ियामी और पम्मी नाग ने खेल के बाद कहा कि उन्होंने पूरी मेहनत और लगन से खेला है, और भले ही इस बार वे दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन अगली बार वे पूरे संभाग में प्रथम आने का संकल्प लेकर वापस लौटेंगे। उन्होंने बस्तर ओलंपिक को एक बड़ा मंच बताया, जिसका वे पूरा लाभ उठाना चाहती हैं।

### सुविधाओं से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा

मैच के दौरान खिलाड़ियों की उत्कृष्ट फिटनेस, तेज गति और चतुराई भरी चालें देखने लायक थीं। प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई बेहतर सुविधाओं के कारण खिलाड़ियों का आत्मविश्वास भी बढ़ा है, जिसके फलस्वरूप वे मैदान में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। यह प्रतियोगिता खेल कौशल का प्रदर्शन करने के साथ ही इस बात को भी मजबूती से साबित करती है कि बस्तर क्षेत्र की बेटियाँ अब बड़े मंच पर अपने प्रदर्शन का परचम लहराने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# आज आएंगे अमित शाह, बस्तर जिला नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल शनिवार को बस्तर ओलंपिक के समापन कार्यक्रम में शामिल होने जगदलपुर आएंगे। उनके प्रवास को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चप्पे चप्पे पर जवानों की तैनाती की गई है। आला अधिकारी उनके आगमन से लेकर रवानगी तक के दौरान मुख्य स्थल के अलावा अन्य सभी स्थान जहां से अमित शाह का काफिला गुजरेगा वहां वहां सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था के साथ साथ बड़े अधिकारी की मौजूदगी के बीच सुरक्षा की कमान रहेगी। कलेक्टर ने आज जारी आदेश में 13 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के लिए नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया है। वहीं एक दिन पहले शुक्रवार को एयरपोर्ट से स्टेडियम तक रिहर्सल किया गया। गौरतलब है कि पिछले साल बस्तर पंडुम के खेल आयोजन में अमित शाह शामिल हुए थे। इस साल भी दोबारा संभाग स्तरीय खेल के समापन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच रहे हैं। अमित शाह का लगातार बस्तर आना कई मामलों में विशेष हो जाता है क्योंकि छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश में नक्सल समस्या की दृष्टि से बस्तर संभाग सर्वाधिक संवेदनशील इलाका है। जहां बड़े कैडर के माओवादी मौजूद रहकर बड़ी घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं।

- सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था, एयरपोर्ट से स्टेडियम तक का मार्ग आम लोगों के लिए प्रतिबंधित
- एक साल बाद दोबारा खेल आयोजन में शिरकत करेंगे



### समर्पित नक्सली और पीड़ित परिवार से कर सकते हैं चर्चा

गृहमंत्री ने 31 मार्च 2026 का दिन नक्सलवाद के समाप्त होने का ऐलान किया है। इसलिए बस्तर के सभी 7 जिले में नक्सलियों से लगातार मुठभेड़ हो रही है और समर्पण भी जारी है। बस्तर ओलंपिक में समर्पित नक्सली और नक्सलियों से पीड़ित परिवार दोनों ही शामिल हो रहे हैं। गृहमंत्री की उनसे मुलाकात और चर्चा भी हो सकती है।

## दो स्थानों पर अग्निशमन दल ने पैरावट की आग पर पाया काबू

**जगदलपुर।** नगर सेना एवं अग्निशमन दल ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को पैरावट में लगी आग की दो महत्वपूर्ण घटनाओं पर त्वरित और सफल कार्रवाई की। अग्निशमन दल की तत्परता ने संभावित बड़े नुकसान को टाल दिया। जिला नगर सेनानी और जिला अग्निशमन अधिकारी संतोष कुमार मार्बल ने बताया कि पहली घटना बकावंड थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जैतगिरी, पुजारी पारा में सामने आई, जहां लकी नारायण के घर में रखे पैरावट में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही विभाग द्वारा बिना किसी विलम्ब के एक फायर दमकल वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। दमकल टीम ने मौके पर पहुँचकर तुरंत कार्रवाई शुरू की और जलती हुई पैरावट पर काबू पा लिया, जिससे आग को आस-पास फैलने से रोका जा सका। इसके साथ ही थाना नगरनार के अंतर्गत भी पैरावट में आग लगने की एक और सूचना प्राप्त हुई। दूसरी सूचना पर भी, जिले का एक दमकल वाहन तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना किया गया। नगरनार क्षेत्र में भी, अग्निशमन दल ने सफलतापूर्वक मौके पर पहुंचकर जलती हुई आग पर पूरी तरह काबू पाया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। दोनों ही मामलों में अग्निशमन विभाग की मुस्तैदी और समय पर की गई कार्रवाई ने बड़ी दुर्घनाओं को होने से रोका।



# सरपंच पर ग्रामीणों ने लगाया मनमानी व गड़बड़ी का आरोप

**भोपालपटनम।** सरपंच पर ग्राम पंचायत की योजनाओं में लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपा है। बताया गया कि भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत एड़ापल्ली के सरपंच की कार्यशैली से ग्रामीण नाराज हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच के कामकाज ने पूरे गांव को परेशान कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2020-21 में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन का निर्माण आज तक पूरा नहीं किया गया। इसके बावजूद निर्माणाधीन भवन की पूरी राशि का आहरण कर लिया गया। मजदूरों को अब तक भुगतान नहीं किया गया। मजदूरी भुगतान से लेकर निर्माण सामग्री तक सब कुछ कागजों में ▶▶| शेष पेज 10 पर

- एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच की मांग




## जिलों में आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| जगदलपुर शहर | 5 पद | योग्यता |
| कोण्डागांव शहर | 5 पद | 12वीं से स्नातक |
| भानुप्रतापपुर शहर | 2 पद | वेतन |
| कांकेर शहर | 3 पद | 15000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो जगदलपुर शहर, कोण्डागांव शहर, भानुप्रतापपुर शहर, कांकेर शहर क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें

8370049468, 9098324969

ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com

कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक

हरिभूमि

ब्यूरो कार्यालिय : चांदनी चौक, पूनम होटल जगदलपुर, मो. 9425590411, 9131893124

ब्यूरो कार्यालिय : ऊपर नीचे रोड, कांकेर मो. 70009 55574

कार्यालिय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)


## 48 लाख का गांजा, हशीश तेल और बाइक जब्त, एक गिरफ्तार

**जगदलपुर।** अवैध गांजा, मरीजुआना ऑयल परिवहन करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना बोधघाट में 11 दिसंबर की शाम मुखबिर से सूचना मिलने पर मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी 10 एक्स 8050 में ओडिशा से आ रहे सवार के बैग की तलाशी ली गई। बैग में मादक पदार्थ गांजा और हशीश तेल पाया गया। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार ▶▶| शेष पेज 10 पर

- नशे के सौदागरों पर बड़ी कार्रवाई




## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


# हौसले की उड़ान : एक पैर खोया, हिम्मत नहीं, बस्तर ओलंपिक में चमके किशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के छोटे से गांव छोटे तुमनार के 27 वर्षीय किशन कुमार हप्का कभी डीआरजी का जाबांज़ जवान रहे। किशन की दुनिया 18 जुलाई 2024 को बदल गई, जब नक्सलियों द्वारा लगाए गए आ ई ई डी विस्फोट की चपेट में आकर उनका एक पैर हमेशा के लिए चला गया। दर्द गहरा था। रास्ते धुंधले और सपने जैसे बिखरते जा रहे थे। कोई भी सामान्य इंसान शायद जीवनभर इस साये में जी लेता, लेकिन किशन ने एक अलग रास्ता चुना हिम्मत का।

- अंधेरे से रोशनी तक साहस, दर्द और जीत का अद्भुत सफर

किशन टूटे,पर बिखरे नहीं। अपनी वीरता की तरह उन्होंने जीवन की इस लड़ाई को भी चुनौती की तरह लिया। शरीर ने साथ छोड़ा, पर दिल में खेल का जुनून और सेवा की वही पवित्र भावना बरकरार रही। बस्तर ओलंपिक में तीरंदाजी का धनुष उठाना उनके लिए सिर्फ खेल नहीं, अपने अस्तित्व का सवाल था।

**आईईडी विस्फोट ने पैर छीना, पर तीरंदाजी में अव्वल**



उन्होंने जिला स्तर पर चयनित होकर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंचकर पहला स्थान हासिल किया।

किशन बताते हैं कि एक समय ऐसा भी आया जब उम्मीद छोड़ दी थी। जीवन जैसे थम गया था। लेकिन भीतर का खिलाड़ी कहता रहा, अब भी बहुत कुछ बाकी है। उन्हीं दिनों कोच दुर्गेश प्रताप सिंह उनके जीवन में एक नए प्रकाश की तरह आए। किशन कहते हैं कोच दुर्गेश ने मुझे सिर्फ तीरंदाजी ही नहीं सिखाई। उन्होंने मेरे अंदर यह विश्वास भरा कि अपंगता शरीर की होती है, मन की नहीं।

## खबर संक्षेप

### नपा ने शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था की



**कोण्डागांव।** नगर पालिका क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर से आमजन को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था की जा रही है। बस स्टैंड, जिला अस्पताल परिसर सहित कई भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रात के समय अलाव जलाए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों और जरूरतमंदों को राहत मिल रही है। नगरवासियों ने इस मानविक पहल की सराहना की है। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने बताया कि वार्डों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है ताकि किसी भी नागरिक को ठंड में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि अलाव की यह व्यवस्था प्रतिदिन जारी रहेगी।

### राष्ट्रीय साक्षरता महापरीक्षा में 4875 शिक्षार्थियों ने दी परीक्षा



**कोण्डागांव।** विकासखंड केशकाल में रविवार को राष्ट्रीय साक्षरता महापरीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए 6142 शिक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 164 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से 4875 शिक्षार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। महापरीक्षा का आयोजन कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के नेतृत्व तथा जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में हुआ। महापरीक्षा का मुख्य उद्देश्य उन नागरिकों को औपचारिक शिक्षा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश नियमित शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके थे। महिला एवं पुरुष शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लेकर अभियान को सफल बनाया।
परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन में शिक्षक, संकुल समन्वयक, संकुल प्रभारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा संचालन में डी.एस. पोटाई डीपीओ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी चेतनलाल मंडावी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश सेठिया, खंड स्रोत समन्वयक ज्ञानी साहू, खंड परियोजना अधिकारी माखनराम कोमरा, सभी प्राचार्य, ऑपरेटर एवं बीआरपी का विशेष योगदान रहा।

### साय सरकार के दो वर्ष पूर्णः स्थिर नेतृत्व और जनता-केंद्रित विकास

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णु देव साय सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संदीप कुमार झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इस अवधि को स्थिर नेतृत्व, पारदर्शी शासन और जनता-केंद्रित विकास का उल्लेखनीय दौर बताया।



संदीप झा ने कहा कि बीते दो वर्ष प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध हुए हैं। सरकार ने स्पष्ट नीयत और ठोस निर्णयों के साथ साबित किया है कि विकास केवल वादों का विषय नहीं, बल्कि संकल्प और परिणामों की प्रक्रिया है।
उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उन क्षेत्रों तक अपनी पहुँच मजबूत की है, जहाँ लंबे समय तक सुविधाएँ पहुंच पाना चुनौती था, और यही इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश ने यह संदेश दिया है कि विकास और सामाजिक न्याय परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे को मजबूत करने वाले स्तंभ हैं। आदिवासी अंचलों—विशेषकर अबूझमाड़—में जिस तेजी से बुनियादी सुविधाएँ पहुँची हैं, वह नई प्रशासनिक सक्रियता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# छात्रावास- स्वास्थ्य केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को माकड़ी विकासखंड के प्री–पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं द्वारा परिसर में बनाई गई रचनात्मक कलाकृतियों की सराहना की। साथ ही छात्रावास में पानी की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर अनंतपुर, शामपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी में स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, प्रसव व्यवस्था तथा हाई–रिस्क केस की निगरानी को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। सीएचसी माकड़ी स्थित न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर एनआरसी का निरीक्षण कर कलेक्टर ने भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य एवं देखभाल की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की बेहतर देखरेख के लिए संबंधित चिकित्सा स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए।
**अधिकारियों की रही मौजूदगी** – निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग रुपेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ गजेन्द्र धुरडे, डीपीएम भावना माहलवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तकनीकी दिक्कतों को करें दूर

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर विद्युत लाइन में आ रही तकनीकी समस्याओं पर चिंता जताई। उन्होंने सीजीएमएससी अधिकारियों को तुरंत सुधार कार्य करने को कहा। साथ ही स्टाफ की उपलब्धता और साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय में कलेक्टर ने मातृ–शिशु अस्पताल के लिए निर्माणाधीन अतिरिक्त लेबर रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कर निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में चल रहे मरम्मत कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए और मरीजों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, सीएमएचओ डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. पी.एल. मंडावी, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता ए.आर. मरकाम, तहसीलदार मनोज रावटे, डीपीएम भावना माहलवार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।



## डॉक्टर–नर्स बोले, शासन की उपेक्षा से मनोबल पर पड़ रहा भारी असर

# सीआरएमसी भुगतान 12 माह से लंबितः बस्तर संभाग के स्वास्थ्यकर्मियों ने किया ओपीडी बहिष्कार का ऐलान

**नारायणपुर।** सीआरएमसी (नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि) के 12 माह से लंबित भुगतान को लेकर बस्तर संभाग के सभी जिलों—नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कांकेर, कोंडागांव और बस्तर (जगदलपुर) के डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों, आरएमए, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने आंदोलन को तेज कर दिया है। शुक्रवार 12 दिसंबर को नारायणपुर समेत बस्तर के सभी जिलों में स्वास्थ्य कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएचएमओ, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को औपचारिक ज्ञापन सौंपकर 15 दिसंबर से पूर्ण ओपीडी सेवाओं के बहिष्कार की सूचना दे दी है।

- 15 दिसंबर से दोनों समय की ओपीडी सेवंगी बंद



नारायणपुर डॉक्टर, नर्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि पिछले 12 महीनों का सीआरएमसी भुगतान लंबित होने से न केवल मनोबल प्रभावित हो रहा है, बल्कि लगातार दिए जा रहे आश्वासनों के बावजूद शासन स्तर से कोई ठोस आदेश जारी नहीं हुआ है। वर्तमान में सभी जिलों में संध्या ओपीडी बहिष्कार जारी है, परंतु 15 दिसंबर से सुबह और शाम दोनों समय की ओपीडी सेवाएँ पूर्णतः बंद रहेंगी—जब तक कि भुगतान खातों में नहीं पहुंच जाता।

### संभाग के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान होंगे प्रभावित

स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट किया कि यह पूर्ण ओपीडी बहिष्कार बस्तर संभाग के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लागू होगा, जिसमें शामिल हैं - जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, और उप-स्वास्थ्य केन्द्र अर्थात 15 दिसंबर से इन सभी संस्थानों में ओपीडी सेवाये पूरी तरह बंद रहेगी। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि आपातकालीन सेवाएँ पूर्ववत चलती रहेंगी, परंतु सरकार की निरंतर उपेक्षा के खिलाफ अब एकजुट होकर कठोर निर्णय लेना आवश्यक हो गया है।

### स्वास्थ्यकर्मियों के साथ हो रहा अन्यायः डॉक्टर्स

डॉक्टरों ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को केंद्र से सीआरएमसी की राशि प्राप्त होने के बावजूद आदेश जारी न करना गंभीर लापरवाही है और बस्तर जैसे अति-संवेदनशील क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों के साथ अन्याय है। स्वास्थ्यकर्मी 12-13 दिसंबर तक शासन की कार्रवाई की प्रतीक्षा करेंगे; अन्यथा 15 दिसंबर से पूरे बस्तर संभाग में चिकित्सा सेवाएँ ठप करने का निर्णय लागू कर दिया जाएगा।

# बरकई जोन की क्रीड़ा स्पर्धा में 24 स्कूलों का शानदार प्रदर्शन, ओवरऑल चैम्पियन बना भीरागांव संकुल



**कोण्डागांव।** विकासखण्ड माकड़ी के ग्राम पंचायत रांधना के आश्रित ग्राम कुमगांव में आयोजित तीन दिवसीय जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का 11 दिसम्बर को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता 9 दिसम्बर से प्रारंभ हुई थी।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य भगवती महेश नेताम रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य विधा नरेंद्र नेताम, हेमलता घड़वा मरकाम, पन्ना लाल नेताम उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिता स्थल पहुँचकर सभी प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पूरी प्रतियोगिता का संचालन संकुल प्राचार्य संतराम कवाची और एल.एन. शोरी के संरक्षण में सम्पन्न हुआ।
**रोमांचक खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां :** इस त्रिदिवसीय स्पर्धा में बच्चों के लिए अनेक रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक खेल आयोजित किए गए, जिनमें शामिल थे रिले रेस, बोरा दौड़, दौड, कबड्डी, खो–खो, वालीबॉल, जलेबी दौड़,उऊंची कूद, लंबी कूद, रंगोली, आदि। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सांत्वना सम्मान प्रदान किए गए। जोन बरकई से जुड़े 3 संकुलों के 16 प्राथमिक तथा 6 माध्यमिक विद्यालयों सहित कुल 24 स्कूलों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संकुल भीरागांव ओवरऑल चैंपियन बना।

# परमिन व अंशु का पूर्वी जोन अंतर विश्व विद्यालय टेबल टेनिस स्पर्धा के लिए चयन

**कोण्डागांव।** शासकीय गुंडाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के बीसीए वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थी परमिन चंद नाग और अंशु तिवारी का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन खेल महासंघ द्वारा आयोजित पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन टेबल टेनिस प्रतियोगिता हेतु किया गया है। दोनों खिलाड़ी शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर की पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।




दोनों खिलाड़ियों ने 3–4 नवंबर 2025 को शासकीय जे. योगानंद छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार खेल प्रदर्शन किया था, जिसके आधार पर उन्हें विश्वविद्यालय टीम में स्थान मिला। अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन पं. रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में 15 से 19 दिसंबर तक होगा, जिसमें पूर्वी जोन के लगभग 40 विश्वविद्यालय भाग लेंगे।
**खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर :** खिलाड़ियों की तैयारी कबूत करने के लिए 12 से 14 दिसंबर तक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में जुलाई से ही सभी खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी निरंतरता का परिणाम है कि छात्र–छात्राएँ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ अर्जित कर रहे हैं।

# साफ–सफाई व आवारा कुत्तों के पर्यवेक्षण का हुआ प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** जनपद पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में गुरुवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारियों एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 7 नवम्बर को पारित अंतरिम आदेश के अनुपालन में किया गया।

- सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में आयोजित हुआ प्रशिक्षण



सर्वोच्च न्यायालय ने संस्थागत परिसरों में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों को देखते हुए व्यापक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रें में भी लोगों को कुत्ते के काटने से बचाव के लिए जागरूकता व आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रें के शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, सार्वजनिक खेल परिसरों, स्टेडियम, बस स्टैंड आदि स्थलों की पहचान कर प्रत्येक परिसर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये नोडल अधिकारी स्वच्छता, साफ–सफाई एवं आवारा कुत्तों से परिसर को मुक्त रखने के लिए जिम्मेदार होंगे। साथ ही परिसर में उनके नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।
**निरीक्षणकर्ता अधिकारी करेंगे नियमित निगरानी :** निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को नोडल अधिकारियों के कार्यों की निगरानी एवं समीक्षा का दायित्व सौंपा गया है। उनकी जिम्मेदारियाँ भी स्पष्ट की गई हैं ताकि निर्देशों का प्रभावी पालन हो सके। ग्रामीण क्षेत्रें में आवारा कुत्तों से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत 1100 नंबर पर दर्ज की जा सकती है। प्राप्त शिकायतों का डेटा संधारित कर निराकरण की नियमित समीक्षा की जाएगी।
**ये हुए शामिल :** प्रशिक्षण में जनपद पंचायत कोण्डागांव के सरपंच, सीईओ, जिला अंकेक्षक, विकास विस्तार अधिकारी, सहायक अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, आवास समन्वयक, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मर्दापाल में हुई पुलिस की जन–जागरुकता बैठक

**कोण्डागांव।** पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के आदेशानुसार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सतीश भार्गव के निर्देशन में आज ग्राम मर्दापाल में जन–जागरूकता कार्यक्रम तथा चलित थाना का आयोजन किया गया। थाना मर्दापाल में आयोजित मीटिंग में क्षेत्र के छोटे–बड़े दुकानदार ग्राम के प्रमुख लोग सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने सभी से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और हालचाल की जानकारी ली। बैठक में महिलाओं व नाबालिग बच्चियों के साथ होने वाली घटनाओं पर चिंता जताते हुए जागरूक रहने संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान रखने की अपील की गई।
**साइबर ठगी से बचाव : पुलिस की साफ सलाह :** ग्रामवासियों को मोबाइल से होने वाली ऑनलाइन ठगी के बारे में बताया गया। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिए किसी को भी ओटीपी, एटीएम पिन, आधार नंबर न दें। अजनबियों के द्वारा मांगी गई किसी भी जानकारी को साझा न करें।



**यातायात नियमों पर कड़ाई : सीट बेल्ट और हेलमेट अनिवार्य :** वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन का संदेश देते हुए कहा गया। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य पहनें। शराब पीकर वाहन न चलाएं, इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है।

### पुलिस का अपील

क्षेत्र में किसी भी अजनबी या संदिग्ध व्यक्ति के घूमने पर तुरंत थाना को सूचना दें। इस के लिए उपस्थित लोगों को थाना का लैंडलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया गया।

### ग्रामीणों ने सराहा पुलिस की पहल

मर्दापाल के नागरिकों ने इस बैठक को सराहनीय कदम बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सुरक्षा जागरूकता बढ़ती है तथा पुलिस–जन सहयोग मजबूत होता है।

## प्रधान अध्यापक ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन, कराया न्योता भोज

**कोण्डागांव।** विकासखंड माकड़ी के संकुल केंद्र बिंजोली अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीगुड़ा में प्रधान अध्यापक भोलानाथ सूर्यवंशी ने अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाकर इसे एक प्रेरणादायक और यादगार पल बना दिया। जन्मदिन के अवसर पर प्रधान अध्यापक ने विद्यार्थियों के साथ केक काटा और खुशियाँ साझा कीं। बच्चों को खीर–पूड़ी, फल, मिष्ठान और पौष्टिक आहार परोसा गया, जिसे पाकर बच्चों के चेहरों पर उत्साह और मुस्कान झलक उठी। कार्यक्रम में शामिल हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि न्योता भोज छत्तीसगढ़ शासन की शिक्षा विभाग की एक महत्वाकांक्षी और सामाजिक रूप से उपयोगी पहल है। उन्होंने बताया यह योजना भारतीय परंपरा पर आधारित है, विशेष अवसरों पर समुदाय, व्यक्ति और संगठन द्वारा बच्चों के लिए अतिरिक्त पोषक भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

## पेज 9 के शेष

### सरपंच पर ग्रामीणों...

दिखाया गया है, जबकि जमीनी हकीकत शून्य है। एड़ापल्ली के लिए स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य भी आज तक शुरू नहीं हुआ, जबकि पूरी राशि पहले ही निकाल ली गई है। इस कारण ग्रामीणों को आवाजाही में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच कागज पर काम खत्म करती है, जमीन पर कुछ नहीं दिखता। दो बार चुनाव जीतीं, लेकिन पंचायत में उपस्थिति शून्य है। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच सुकना कावरे ने दो बार चुनाव जीतने के बावजूद आज तक न तो पंचायत में नियमित उपस्थिति दी और न ही पंचायत की एक भी बैठक आयोजित किया। उनका स्थाई निवास भोपालपटनम सण्ड्रापारा में होने के कारण गांव और ग्रामीणों से संपर्क लगभग ना के बराबर है। एड़ापल्ली के ग्रामीण का आरोप है सरपंच बनीं, लेकिन गांव को भूल गई।
**नेल्लानार योजना में दस्तावेज अटके :** सरपंच द्वारा सहयोग न करने के कारण नेल्लानार योजना के तहत आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार सरपंच को पंचायत में बुलाया लेकिन सरपंच आज तक किसी बैठक या प्रक्रिया में शामिल नहीं हुईं। ग्रामीणों ने बताया कि बीपीएल कार्डधारियों को राशन पहुंचाने वाले ट्रैक्टर मालिकों का भुगतान भी महीने भर से रोका गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम भोपालपटनम से मांग की है कि सरपंच पर लगे सभी आरोपों की तत्काल और निष्पक्ष जांच करवाई जाए।

### 48 लाख का...

सिन्हा के नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में स्टाफ ने कार्रवाई। ग्राम आड़ावाल के आगे झंडा चौक में वाहन के आने का इंतजार किया गया। सोमनाथ साहू 46 वर्ष निवासी सावपुट, थाना माचकुंड जिला कोरापुट उड़ीसा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। प्लास्टिक के 5 पैकेटो में मादक पदार्थ गांजा तेल, हशीश ऑयल, मारिजुआना ऑयल बरामद कराया। जिसका मौके पर ही नारकोटिक किट से परीक्षण कर देखा गया जो गांजा उत्पाद तेल, हशीश ऑयल, हैश ऑयल होना पाया गया। 5 पैकेटों में 3.8 किग्रा. जिसका मूल्य लगभग 47 लाख 57 हजार 500 रुपए आंका गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमाण्ड के लिए विशेष एनडीपीएस न्यायालय भेजा गया है।
**इनकी रही मुख्य भूमिका :** आरोपी को गिरफ्तार करने में बोधघाट थाना के उप निरीक्षक ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, पवन श्रीवास्तव, आरक्षक भैरव सिन्हा, कामदेव दर्रो, मानकू कोर्राम, विजय तिर्की, अवतार पटेल, थानेंद्र सिन्हा, होरी लाल आर्यों तथा परमानंद भोयर की मुख्य भूमिका रही।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. 371/ ब-121/ 2025-26
**:: उद्घोषणा ::**
इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौरामनी सेठिया पति स्व. रघुनाथ सेठिया जाति सुण्डी ग्राम धोबीगुड़ा तहसील बकावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पुत्री कन्याकुमारी सेठिया निवासी ग्राम धोबीगुड़ा तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का जन्म प्रमाण पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।
अतः आवेदक/आवेदिका के पुत्री कन्याकुमारी सेठिया पिता स्व.रघुनाथ सेठिया ग्राम धोबीगुड़ा का दिनांक 03.09.1983 को जन्म हुई है। आवेदक आवेदक गौरामनी सेठिया पति स्व.रघुनाथ सेठिया जाति सुण्डी ग्राम धोबीगुड़ा तहसील बकावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पुत्री कन्याकुमारी सेठिया जन्म प्रमाण पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 15.12.2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।
आज दिनांक 08.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर**

## आठ विद्यालयों के प्राचार्य और राष्ट्रपति पुरस्कृत आरके जैन हुए शामिल

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जैतपुरी द्वारा सुवा डोंगरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। नशा मुक्ति पर आधारित नाटक एवं विभिन्न लोक नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित ग्रामीण जनों व अतिथियों का मन मोह लिया। समापन समारोह में कोंडागांव जिले के छह विद्यालयों के प्राचार्य तथा राष्ट्रपति पुरस्कृत पूर्व जिला संगठक आर.के. जैन सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज की, जिससे शिविर का गौरव और बढ़ गया।

- नशा मुक्ति की शपथ, स्वास्थ्य जांच और जन जागरण गतिविधियां रहीं आकर्षण का केंद्र



खचाखच भरे उच्च प्राथमिक विद्यालय सुवा डोंगरी के प्रांगण में आयोजित केम्प फायर के दौरान स्वयंसेवक, शिक्षक और ग्रामीण जनों ने शिविर के यादगार क्षणों को साझा किया। समापन पर कई स्वयंसेवकों की आंखें नम हो गईं। शिविर के दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, बौद्धिक चर्चा, ग्रामीण खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

### उत्कृष्ट स्वयंसेवकों को मिला सम्मान

अनुशासन, सहभागिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया।

### शिक्षकों के योगदान ने बनाया शिविर को सफल

शिविर को सफल बनाने में संस्था के शिक्षकों सैयद तौसिफ आलम, प्रवेश साहू, हेमंत साहू, देवेश साहू, उमाशंकर साहू सहित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ग्रामीणों और स्वयंसेवकों ने शिविर अवधि बढ़ाने की रखी मांग

शिविर के प्रभावी संचालन और जन–जागरण गतिविधियों से प्रभावित ग्रामीणों व स्वयंसेवकों ने भविष्य में शिविर अवधि बढ़ाने की मांग भी रखी।

## खबर संक्षेप

### आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए 27 लाख स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जिले के कुल 9 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 18 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह आत्मसमर्पित कर प्रशिक्षण ले रहे नक्सलियों को प्रतिमाह के मान से 10 हजार रूपये प्रति व्यक्ति। कुल 92 प्रशिक्षणार्थियों को 9 लाख 20 हजार की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है।

### रोल ऑब्जर्वर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा नियुक्त सचिव ग्रामोद्योग विभाग एवं रोल ऑब्जर्वर श्यामलाल धावड़े द्वारा विगत दिवस तहसील कुआकोंडा के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 218 नकुलनार एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 262 फुलपाड़-2 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं एवं रिकॉर्ड की स्थिति की जांच करते हुए बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिया। इसके साथ ही उनके द्वारा जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में समीक्षा बैठक भी ली गई। बैठक में तहसील दंतेवाड़ा के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु स्पष्ट निर्देश देते हुए उनके द्वारा कहा कि सभी बीएलओ को ऐप के माध्यम से ट्रैकिंग कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा पुनरीक्षण प्रक्रिया को समयावधि में पूर्ण करे। इससे निर्वाचन कार्य की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोकांश एल्मा, तहसीलदार परमानंद बंजारे तथा नायब तहसीलदार भदूराम धनकर उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को मिलेगा लाभांश, विकास कार्यों का मार्ग हुआ प्रशस्त

**बीजापुर।** बीजापुर वनमंडल क्षेत्र के मोसला कूप कक्ष क्रमांक क्यूए - 269 में राज्य सरकार और भारत सरकार के समन्वय से चल रही वैज्ञानिक वन प्रबंधन प्रक्रिया से क्षेत्र में वन संरक्षण और ग्रामीण विकास दोनों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2023-24 से 2032-33 तक की स्वीकृत कार्य आयोजना के अंतर्गत यहाँ केवल आड़े, तिरछे, सूखे और गिरे हुए वृक्षों के विदोहन की अनुमति दी गई है, ताकि वन क्षेत्र को स्वस्थ रखते हुए प्राकृतिक पुनरुत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। वैज्ञानिक पद्धति से कटाई, वन को मिलेगी नई ऊर्जा- स्वीकृत 181.420 हेक्टेयर क्षेत्र में से 16.338 हेक्टेयर कार्य योग्य भूमि में 1810 वृक्षों की वैज्ञानिक कटाई प्रस्तावित है। इसी के तहत वर्ष 2024-25 में 428 वृक्षों का विदोहन कर प्राप्त लकड़ी को नीलाम डिपो तक सुरक्षित पहुँचाया गया। कूप कार्य के अपूर्ण रहने के कारण वर्ष 2025-26 में पुनः कार्य प्रारंभ हुआ और 26 नवंबर से 9 दिसंबर के बीच 160 वृक्षों की कटाई की गई, जिसकी सामग्री कूप में सुरक्षित रखी गई है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि फलदार वृक्षों में महुआ और तेंदू के केवल वही वृक्ष काटे गए जो बरसात में गिर चुके थे और जिनकी विधिवत मार्किंग की गई थी। इससे फल उत्पादन पर किसी प्रकार का नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।

# अवैध रेत उत्खनन पर त्वरित कार्यवाही किया जाए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा खनिज विभाग एवं

- खनिज एवं जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की हुई समीक्षा

जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने जिला उद्योग केन्द्र के विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत बैंक शाखाओं द्वारा स्वीकृत, वितरित,लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि स्थानीय ग्रामीण समुदाय के रुझान अनुरूप उन्हें विभिन्न व्यवसायों में जोड़ने के लिए उनके बैंक प्रेषित लोन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने के लिए विभाग अतिरिक्त प्रयास करें। अगर इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आ रही है तो संबंधित बैंकों और आवेदकों की सम्मिलित बैठक



का आयोजन कर दिक्कतों को दूर करें।

इसके अलावा उद्योग विभाग अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों का कलस्टर आधारित विभिन्न व्यवसायों जैसे फोटोकापी, सैलून, किराना,च्वाईस सेंटर, के प्रकरण स्वीकृत कर व्यवसायीकृत उचित माहौल तैयार करने को प्राथमिकता देवें। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायतों में उद्योग आधारित शिविर लगाकर ग्रामीणों को व्यवसाय संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ प्रकरण बनाने को भी कहा। ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समय अवधि में पूरा किया जा सके। इस क्रम में कलेक्टर द्वारा खनिज शाखा संबंधित खनिज राजस्व लक्ष्य, रेत खदानों हेतु टेंडर, गौंण खनिज के परिवहन की समीक्षा करते हुए कहा कि हर हाल में अवैध रेत खनन पर रोक लगाई जाये। और इसमें विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है। बैठक में जिला खनिज अधिकारी छबिलेश्वर मौर्य, महाप्रबंधक उद्योग मितवा बड़ा एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रभारी सचिव ने किया धान उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण

# गादीरास, सुकमा और तोंगपाल में खरीदी व्यवस्था पर जताई संतुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रभारी सचिव श्यामलाल धावड़े ने आज सुकमा जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे।

- प्रभारी सचिव ने धान खरीदी से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी ली

निरीक्षण की शुरुआत गादीरास धान उपार्जन केंद्र से हुई। जहां सचिव ने पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक हुई खरीदी, पिछले वर्ष के विक्रय आंकड़े, टोकन कटिंग, उठाव की स्थिति, मजदूरों का भुगतान, पर्याप्त बारदाना और तिरपाल उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर उपस्थित किसानों ने धान



खरीदी की पारदर्शी और व्यवस्थित प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया।

इसके बाद सचिव धावड़े सुकमा धान उपार्जन केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने धान खरीदी व्यवस्था का अवलोकन किया। झापरा निवासी किसान पोडियम जोगा ने सचिव को बताया कि समिति से टोकन प्राप्त करने के बाद केंद्र पहुंचते ही तत्काल बारदाना उपलब्ध हो गया और बिना किसी बाधा के उनका धान विक्रय संपन्न हो गया।

निरीक्षण के क्रम में सचिव ने तोंगपाल धान उपार्जन केंद्र का भी दौरा किया और पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक हुई खरीदी, कैरी फॉरवर्ड किसान नवीन पंजीयन, रकबा समर्पण तथा बारदाना उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

### धान खरीदी के संबंध में दिए निर्देश

सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। किसानों को बारदाना समय पर उपलब्ध कराया जाए। डीईओ व उठाव संबंधित कार्य समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। किसानों के भुगतान में विलंब ना हो। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और किसान-केंद्रित बनाने के लिए किया गया यह व्यापक निरीक्षण प्रशासन की संवेदनशीलता, तत्परता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस दौरान एसडीएम सूरज कश्यप, पीवी खेस, जिला खाद्य अधिकारी रवि कोमरा, डीएमओ राजेंद्र ध्रुव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कार्ययोजना अभी से तैयार करें अगले वर्ष रबी फसलों का प्रतिशत बढ़ सके



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज जावंगा ऑडिटोरियम में कृषि, उद्यानिकी, पशुधन, केवीके एवं मत्स्य विभागों के मैदानी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं विस्तार कार्यकर्ताओं के रबी ऋतु हेतु प्रशिक्षण पर फोकस करते हुए कहा कि सभी जैविक कार्यकर्ता एवं कृषि विस्तार अधिकारी अधिक से अधिक कृषकों को किसान उत्पादक संगठन से जोड़ने हेतु उनकी बैठक लेकर उनकी बैंक डिटेल सहित अन्य जानकारियों को संकलन कार्य को प्राथमिकता से करें ताकि पोर्टल में प्रविष्टि करण किया जा सके। इसके अलावा आगामी रबी फसल हेतु कृषक प्रशिक्षण हेतु कार्ययोजना अभी से ही तैयार करें ताकि अगले वर्ष रबी फसलों का प्रतिशत बढ़ सके। उन्होंने आगे कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लाक के कम से कम एक-एक हजार हेक्टेयर में कृषकों का क्लस्टर बनाकर लाभान्वित किया जाए इसके लिए सभी आरईओ किसानों की बैठक लेकर कृषकों को प्रोत्साहित करें। इसके जिला प्रशासन निशुल्क बीज प्रदाय के साथ- साथ अन्य सभी आवश्यक कार्यों में सहयोग देगा। इसके अलावा आम,अमरूद,केला जैसे फलदार रोपण में भी किसानों के समूहों की भागीदारी बढ़ाने एवं लाभान्वित करने की प्रक्रिया सुनिश्चित होनी चाहिए। इन युद्ध स्तर के प्रयासों से ही प्रधानमंत्री धन-धान्य सहित अन्य योजनाओं की लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने विगत दिवस ग्राम पोटाली के अपने प्रवास के दौरान में कृषकों के समूहों द्वारा फलदार पौधों के रोपण करने संबंधी मांग का उल्लेख करते हुए कहा कि जिले के अंदरूनी ग्रामों के कृषकों को अपरम्परगत खेती हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आरईओ और जैविक कार्यकर्ताओं को सतत कार्य करना होगा।

# जिला चिकित्सालय में ओपीडी लैब जांच सेवाएं बहाल

**75 से अधिक परीक्षण उपलब्ध**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला चिकित्सालय बीजापुर में पिछले कुछ दिनों से लैब रिएजेंट की कमी और तकनीकी कारणों के चलते प्रभावित हुई ओपीडी लैब जाँच सेवाएँ अब पूर्णतः बहाल हो गई हैं। सुधार कार्यों के दौरान भी आईपीडी और आपात सेवाएँ पूर्ववत संचालित रहीं।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार आवश्यक रिएजेंट की उपलब्धता सुनिश्चित करने, तकनीकी दिक्कतों के समाधान, रख-रखाव एवं गुणवत्ता परीक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके फलस्वरूप अब सभी विभाग, बायोकेमिस्ट्री, हिमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी की जाँचें पूरी क्षमता के साथ पुनः प्रारंभ हो गई हैं। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में यह कार्य तेजी से पूरा किया गया। इसमें कलेक्टर संबित मिश्रा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे के समन्वित प्रयास प्रमुख रहे। अस्पताल की नैदानिक प्रयोगशाला में फिलहाल 75 से अधिक प्रकार की जाँचें उपलब्ध हैं, जिन्हें मरीजों को पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि सभी जाँचें निर्धारित गुणवत्ता मानकों एवं बायोसेफ्टी प्रोटोकॉल के अनुरूप की जा रही हैं।

अस्पताल प्रबंधन ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि ओपीडी, आईपीडी और आपात सेवाएँ नियमित रूप से सामान्य गति से संचालित हो रही हैं तथा मरीज पूर्ववत सभी लैब सेवाओं का लाभ बिना किसी शुल्क के ले सकते हैं। उक्त जानकारी जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ रत्ना ठाकुर ने दी है।

### पीएम आवास योजना से बदली भीमा की दुनिया



**दंतेवाड़ा।** दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरे अरनुपर गांव में भीमा अपने परिवार के साथ वर्षों से एक जर्जर कच्चे मकान में रह रहे थे। बारिश के दिनों में छत से टपकते पानी से लेकर दीवारों के गिरने का डर हर मौसम उनके लिए नई परेशानी लेकर आता था। बरसात में रातभर जागकर बच्चों को पानी से बचाना, सर्दी में टाट-प्लास्टिक लगाकर ठंड रोकना और गर्मी में टूटती दीवारें, यह उनके जीवन की मजबूरी बन चुकी थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का घर बनाना उनके लिए एक अधूरा सपना बनकर रह गया था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जैसे ही उनके नाम स्वीकृति मिली, भीमा के जीवन में उम्मीद की किरण जग उठी। किस्तों की राशि मिलने के बाद भीमा ने स्वयं मेहनत कर धीरे-धीरे अपने सपनों का घर बनाना शुरू किया। मिट्टी, लकड़ी से जिंदगी गुजारने वाले भीमा के हाथों ने अब ईंटों और सीमेंट से एक मजबूत नींव रखी, जिसमें उनके परिवार के सुरक्षित भविष्य की कहानी लिखी गई। आज उनका परिवार नए, सुदृढ़ और उजले घर में सुरक्षित जीवन जी रहा है।

# प्रेरणादायक कहानियों को किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नई चेतना 4.0 जेंडर कैंपेन थीम पर आधारित रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ के विशेष एपिसोड-5 का सीधा प्रसारण जिला पंचायत के सभा कक्ष से किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की संघर्ष से सफलता तक की प्रेरणादायक कहानियों को प्रस्तुत किया गया, जिसमें महिला समूहों के कार्य, आत्मनिर्भरता, आजीविका संवर्धन और जेंडर समानता पर विशेष चर्चा हुई।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे सहित एपीओ मनरेगा, डीपीआरसी के टीम एवं जिला पंचायत के समस्त स्टाफ तथा विभिन्न महिला स्वसहायता समूहों की दीदियां उपस्थित रहीं। सीधे प्रसारण के



दौरान अधिकारियों ने नई चेतना अभियान के उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता, समान अधिकार, क्षमता विकास और आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। अंत में कार्यक्रम से जुड़ी दीदियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन समाज में नए उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

# ढोलकल कैम्प रिसोर्ट का पूर्व विधायक देवती ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पूर्व विधायक देवती कर्मा के मेहनत और उनके अथक प्रयासों से फरसपाल पंचायत में ढोलकल कैम्प रिसोर्ट का निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। यहां पहुंचे ग्रामीण और सभी पेरमा, गायता, पुजारी एवं मांझी की उपस्थिती में पूर्व विधायक देवती कर्मा ने विधिवत पूजन कर इस गलैम्पिंग जोन का भूमिपूजन किया।

पूर्व विधायक देवती कर्मा ने बताया कि तकरीबन डेढ़ करोड़ की राशि से निर्मित होने वाले इस कैम्प जोन से इस क्षेत्र का सर्वगुण विकास होगा और पर्यटन के क्षेत्र में इसे नई उपलब्धि माना जायेगा। उन्होंने भूमिपूजन के बाद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस



गलैम्पिंग जोन के आरंभ होने से गांव में पर्यटन की संभावनों को नई उड़ान मिलेगी और क्षेत्रीय विकास में नया अध्याय लिखा जाएगा। इसे ग्रामीणों को रोज़गार के नए अवसर खुलेंगे ओर साथ ही ढोलकल पर्वत में विराजित गणेश जी के दर्शन करने अब और असंख्य मात्रा में लोग हमारे ग्रामीण अंचल में आएंगे। पूर्व विधायक कर्मा ने बताया की तकरीबन तीन एकड़ में बनने वाले इस कैम्प से आसपास के ग्रामीणों को भी बहुत फायदे मिलेंगे और पर्यटनों को भी हमारी कला- संस्कृति को पास से देखने और समझने का मौका मिलेगा।

भूमिपूजन कार्य में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, तिलेश्वरी नागेश, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशिक, जनपद सदस्य पवन कर्मा, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोपा कुंजाम, फरसपाल सरपंच दीपमाला कर्मा, आलनार सरपंच रौशनी कुंजाम, कुंडेनार सरपंच राजेश वट्टी, राकेश कर्मा, सुखनाथ कर्मा, मारा कर्मा, अंनतराम कर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

# नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज दंतेवाड़ा द्वारा अपनाए गए ग्राम जवांगा में आयोजित एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोमड़ा राम कवासी सरपंच ग्राम पंचायत जावंगा रहे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर भी समारोह में उपस्थित रहे और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

समापन अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने



आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नशामुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक, बस्तर की जनजातीय संस्कृति पर आधारित नृत्य तथा नशामुक्ति एवं स्वच्छता पर प्रभावी भाषण शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने गांव के लोगों का मन मोह लिया और सामाजिक जागरूकता के संदेश को प्रभावी रूप से प्रसारित किया। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति शपथ भी दिलाई गई, जिसे प्राचार्य ने स्वयं पढ़कर सभी विद्यार्थियों, ग्रामीणों एवं अतिथियों से दोहरवाया। उपस्थित सभी लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।

समापन समारोह में स्वयंसेवकों ने गाँव के सभी नागरिकों का शिविर के दौरान मिले सहयोग, सहभागिता और आतिथ्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। एनएसएस इकाई ने विश्वास व्यक्त किया कि यह शिविर ग्राम विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य और जन जागरूकता के प्रति सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# पूर्व छात्रों ने स्कूल की यादें साझा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

ईएमआरएस बिसोली, भानपुरी में ग्रैंड एल्युमनी मीट का आयोजन हुआ, जिसमें 2021-22 से 2024-25 तक के पास-आउट छात्र शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने स्कूल के प्रति अपनी यादें साझा की और स्कूल की स्थापना से लेकर अब तक की बहुआयामी विकास यात्रा की प्रशंसा की। पूर्व छात्रों ने स्कूल में अपने समय के दौरान हुए सर्वांगीण विकास को याद करते हुए अकादमिक, खेल, कला और नेतृत्व के क्षेत्र में हुई प्रगति की सराहना की। कई छात्रों ने अपनी व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलताओं के लिए स्कूल को धन्यवाद दिया, जिसने उनके लिए मजबूत नींव तैयार की। एक प्रेरणादायक सत्र में एल्युमनी ने वर्तमान छात्रों को कड़ी मेहनत और अच्छे अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत, अनुशासन और दृढ़ता को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य सरोज कुमार मार्कम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने साथ मिलकर भोज का आनंद लिया, जिससे सभी स्कूल परिवार के सदस्यों के बीच मेलजोल और अपनापन बढ़ा।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास का हाल बेहाल



**बकावंड।** छत्तीसगढ़ युवा मंच के संस्थापक नरेन्द्र भवानी ने बयान जारी कर कहा है की आज बकावंड विकास खंड के पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास के बाथरूम मे दरवाजे नहीं है। वहीं टॉयलेट के टाइल्स निकल गए है। वास बेसिन जर्जर हालात में है, दिवारों में क्रेक दिखाई पड़ रहा है। डी.एफ.टी योजना के अंतर्गत भवन के जीर्णोद्धार में वर्ष 2024-25 मे 5.30 लाख रुपय खर्च हुआ है। दुर्भाग्य का विषय यह है की भवन निर्माण एजेंसी स्वयं आदिवासी विकास शाखा है। ऐसे मे आदिवासी बच्चे सुविधाओं के अभाव में कैसे पढ़ाई कर पाएंगे इस ओर जिला प्रशासन ध्यान दें।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अब 18 तक करेंगे



**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया, जिसके तहत गणना पत्रक प्राप्त करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 18 दिसम्बर 2025 किया गया है। इसी प्रकार मतदाता सूची का प्रारंभिक (प्रारूप) प्रकाशन 16 दिसम्बर के स्थान पर 23 दिसम्बर तथा 14 फरवरी के स्थान पर समयावधि बढ़ाते हुए 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। दावा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 23 दिसम्बर से 22 जनवरी तक निर्धारित किया गया है। ईआरओ द्वारा नोटिस जारी करने एवं सुनवाई 23 दिसम्बर से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा।

# जिन हाथों में कभी बंदूक थी, वही हाथ अब बनाएंगे गरीबों का आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

## मुख्यधारा में लौटे 30 युवाओं ने पूरा किया राजमिस्त्री प्रशिक्षण



बस्तर के दुर्गम माड़ क्षेत्रों में कभी बंदूक थामे भय और हिंसा का पर्याय बने युवक अब समाज निर्माण की नई इबारत लिख रहे हैं। जिला प्रशासन की पहल और सतत पुनर्वास प्रयासों के चलते नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे 30 युवाओं ने आर सेटी में राजमिस्त्री प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परिवर्तन न केवल क्षेत्र में शांति का संकेत है, बल्कि आत्मनिर्भरता और उम्मीद की नयी शुरुआत भी है।

राजमिस्त्री कौशल हासिल करने के बाद ये युवा अब अपने हुनर का उपयोग जरूरतमंद और गरीब परिवारों के लिए सुरक्षित आवास निर्माण में करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों में भी ये प्रशिक्षित युवा योगदान देंगे, जिससे जिले में आवास निर्माण की गति और गुणवत्ता दोनों सुधरेंगी।

प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को नींव एवं दीवार निर्माण, प्लास्टरिंग, माप-जोख, निर्माण में सुरक्षा मानक, आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक उपयोग जैसे महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा जिससे वे भविष्य में सरकारी एवं निजी निर्माण कार्यों में रोजगार पा सकें।

यह पहल जिले में लौट रहे युवाओं के सफल पुनर्वास का सशक्त उदाहरण है, जहाँ कौशल विकास के साथ-साथ उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर दिया जा रहा है। इन युवाओं का यह बदलाव आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मार्गदर्शक है कि हिंसा नहीं कौशल और विकास ही प्रगति का रास्ता है।

### उत्साह से भरे युवा, समाज निर्माण की ओर कदम

आरसेटी प्रशिक्षकों ने बताया कि इन युवाओं ने सीखने और काम करने में अद्भुत उत्साह दिखाया। यह परिवर्तन प्रेरणादायक है जो युवा कभी समाज से दूर थे, वे अब समाज को संवारने का कार्य कर रहे हैं।

## बस्तर ओलंपिक में दंतेवाड़ा के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियां

# एथलेटिक्स में 4 गोल्ड सहित जीते 15 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर












बस्तर संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में दंतेवाड़ा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई विधाओं में पदक अपने नाम किए। एथलेटिक्स 400 मीटर दौड़ में दंतेवाड़ा की प्रतिभावान धाविका रानू भोगामी ने अथक मेहनत और उत्कृष्ट तकनीक के बल पर स्वर्ण पदक (प्रथम स्थान) हासिल किया। रानू भोगामी एकलव्य खेल परिसर, जावंगा (गीदम) की प्रशिक्षित एथलीट हैं, जिन्होंने पूरे मुकाबले में बेहतरीन गति और संयम का परिचय दिया।

इस बार दंतेवाड़ा जिले से कुल 370 प्रतिभागियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिनमें 184 महिला एवं 186 पुरुष खिलाड़ी शामिल रहे। खिलाड़ियों की यह बड़ी सहभागिता जिले में खेल भावना और खेल संरचना की मजबूती को दर्शाती है।

खिलाड़ियों ने अनेक खेलों में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की, जिनमें रस्साकसी में दंतेवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला सीनियर कैटेगरी-वॉलीबॉल में प्रथम स्थान, कबड्डी में द्वितीय स्थान, जूनियर महिला हॉकी में तृतीय स्थान, बैडमिंटन जूनियर महिला डबल में प्रथम स्थान, जूनियर पुरुष एकल में द्वितीय स्थान, सीनियर पुरुष एकल में द्वितीय स्थान, पांडु राम भाला फेंक में प्रथम स्थान, अनुसूर्या फेंक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों से स्पष्ट होता है कि दंतेवाड़ा जिले के युवा विभिन्न खेल विधाओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता रखते हैं। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा प्रशिक्षकों ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई दी है और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। बस्तर ओलंपिक का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और खेल के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है, जिसमें दंतेवाड़ा जिला निरंतर अग्रसर है।

### बेहतर व्यवस्था की प्रशंसा

सुकमा जिले की खिलाड़ी अभी सोढ़ी और मड़कामी दिनेश तथा जगदलपुर की खिलाड़ी गीता मंडावी ने जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही भोजन, आवास और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतरीन बताया। खिलाड़ियों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा दिनभर पौष्टिक और विविधतापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सुबह नाश्ते में पोहा, उपमा और केला जैसे हल्के व ऊर्जादायी व्यंजन दिए जा रहे हैं।

## शिकार से खेल मैदान तक, नुवा बाट के युवा अब जीत रहे मैडल



**जगदलपुर।** बस्तर ओलम्पिक में सभी जिलों के नुवा बाट खिलाड़ी अपने पारंपरिक कौशल और नई ऊर्जा के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। मैदान में उतरते ही उनके चेहरों पर जीत का आत्मविश्वास और खेलते समय झलकती प्रतिबद्धता दर्शाती है कि वे अवसर मिलने पर किसी भी मंच पर अपनी प्रतिभा साबित कर सकते हैं। नारायणपुर से आई नुवा बाट खिलाड़ी चैते और माड़वी ने कहा कि हम पहली बार बस्तर ओलम्पिक में शामिल हुए और यहाँ रस्सा-कसी और तीरंदाजी खेलकर हमें बहुत अच्छा लगा। इतने बड़े मंच पर खेलना हमारे लिए गर्व की बात है। शासन द्वारा की गई भोजन, आवास और खेल सामग्रियों की व्यवस्था भी बेहद अच्छी है, जिससे हमें बिना किसी चिंता के अपना खेल खेलने का मौका मिला है। कबड्डी, तीरंदाजी, खो-खो जैसे खेलों में नुवा बाट खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीता। तीरंदाजी में उनकी एकाग्रता और पारंपरिक कौशल आकर्षण का केंद्र रही, जबकि कबड्डी में फुर्ती और दमखम ने दर्शकों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। मैदान में जमा जनसमूह ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हर अच्छे प्रदर्शन पर गूंजती तालियाँ और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को और मजबूत कर रहा था। अधिकारियों, समाज के बुद्धिजीवियों और स्थानीय नागरिकों ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते दिखे।

## छोटापारा मार्ग पर दो बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ठेलकाबोड़ छोटेपारा मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही भरी ड्राइविंग ने एक बार फिर हादसे को जन्म दे दिया। ड्यूटी से घर लौट रहा युवक अचानक सामने से आती बाइक की टक्कर का शिकार हो गया, जिसमें वह घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ा। घटना के बाद उसे 108 वाहन से तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। कांकेर के ठेलकाबोड़ छोटेपारा मार्ग पर बुधवार शाम दो मोटरसाइकिलों के आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक युवक घायल हो गया। झुनियापारा कांकेर निवासी 76 वर्षीय अर्जुन राम कावड़े ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 6 दिसंबर की शाम करीब साढ़े 6 बजे उनका पुत्र महेश चंद्र कौड़ो ड्यूटी से घर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक CG 04 DQ 9140 से लौट रहा था। इसी दौरान ठेलकाबोड़ छोटेपारा के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक CG 19 BT 4340 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्ण तरीके से वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महेश चंद्र बाइक समेत सड़क किनारे गिर पड़ा और उसके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों की मदद से 108 वाहन बुलाकर उसे जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया।

# लक्ष्य इलेवन ने किया ट्राफी पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- विधायक कप सीजन-वन रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट

हाता मैदान में गुरुवार की रात विधायक कप सीजन-वन रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला तक्ष्य इलेवन और स्ट्राइकर्स इलेवन के बीच खेला गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में दर्शकों ने देर रात तक रोमांचक खेल का आनंद लिया। सांसें रोक देने वाले संघर्ष में तक्ष्य इलेवन ने स्ट्राइकर्स इलेवन को हराते हुए प्रथम सीजन की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

फाइनल मुकाबले का शुभारंभ हाता मैदान में बेहद आकर्षक तरीके से किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,सुकमा जमींदार परिवार के कुमार विजित देव,आर्येंद्र सिंह,रिंकू पांडे, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही,सुरेश गुप्ता,मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, योगेश ठाकुर,उदय दुबे, योगेश शुक्ला,अभिषेक तिवारी, आशु आचार्य सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया और फाइनल मुकाबले का औपचारिक शुभारंभ किया।

फाइनल मुकाबले में संबोधित करते हुए महापौर संजय पांडे ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मकता लाता है, इसलिए युवाओं को खेलों से जुड़ना आवश्यक है।

सुकमा जमींदार परिवार के कुमार विजित देव ने कहा कि बस्तर के युवाओं में खेल के प्रति गहरा उत्साह देखने को मिलता है। बड़ी संख्या में टीमों ने भाग लेकर इस टूर्नामेंट को खास बना दिया। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन अनुशासन हर खिलाड़ी की असली पहचान है।

टूर्नामेंट के समापन पर विजेता तक्ष्य इलेवन को एक लाख रुपये नगद और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को पचास हजार रुपये एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य श्रेणियों में भी पुरस्कार वितरित किए गए।

रात्रिकालीन क्रिकेट की इस नई पहल ने शहर के खेल प्रेमियों को नया उत्साह दिया। ठंड को मात देते हुए हजारों दर्शकों की उपस्थिति ने साबित किया कि बस्तर में प्रतिभा और खेल जुनून की कोई कमी नहीं। आयोजन की व्यवस्था, खिलाड़ियों की अनुशासित भागीदारी और दर्शकों का उत्साह—इन सबने मिलकर इस सीजन-वन को ऐतिहासिक बना दिया। यह टूर्नामेंट आने वाले वर्षों में स्थानीय खिलाड़ियों के लिए नई ऊर्जा और अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## शिव महापुराण कथा के लिए श्रद्धालुओं की निशुल्क बस रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गीदम में पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा चल रही शिव महापुराण कथा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए नयापारा विधायक कार्यालय से निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई। शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपाइयों ने बस को हरि झंडी दिखाते हुए श्रद्धालुओं को गीदम के लिए रवाना किया।

इस दौरान विद्याशरण तिवारी,रिंकू पाण्डेय,श्रीपाल जैन,राजपाल कसेर,आशु आचार्य और अभिलाष यादव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बस को संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर कथा स्थल के लिए प्रस्थान कराया। कार्यालय परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली,जो भक्तिभाव से ओतप्रोत होकर पं प्रदीप मिश्रा की कथा का श्रवण करने उत्सुक थे। बस सेवा का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और व्यवस्था की सराहना की। गीदम में हो रही शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। पं प्रदीप मिश्रा के सरल, प्रभावशाली और आध्यात्मिक वचनों ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण को प्रखर कर दिया है। निशुल्क परिवहन व्यवस्था ने दूरदराज के भक्तों को भी कथा का लाभ लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई।



## महेंद्र ने 20 गेंद में 40 रन बनाकर टीम को जीता दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

मारुति इलेवन क्रिकेट क्लब करपावंड द्वारा आयोजित मैच में

- मोंगरापाल ने सौतपुर को हराया

शुक्रवार को पहला मैच मोंगरापाल विरुद्ध सौतपुर के बीच खेला गया । जिसमें सौतपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 10 ओवरों में महज 68 रन बनाए। मोंगरापाल के बल्लेबाजों ने यह रन 7.4 ओवरों में ही पूरा कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे महेंद्र जिन्होंने 20 गेंदों का सामना करते हुए 40 रन बनाए। वहीं दूसरे मैच में नेगीगुड़ा और नैनमुर की टीम का आपस में सामना हुआ। नेगीगुड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया नैनमुर के बल्लेबाज मोहन ने ताबड़तोड़ 13 गेंदों में 43 रन और भोजनाथ ने 19 गेंदों में 32 रन की बदौलत 10 ओवरों में 128 रनों का विशाल लक्ष्य नेगीगुड़ा के सामने रखा। नेगीगुड़ा की टीम 10 ओवरों में महज 83 रन पर रुक गई और नैनमुर इस बड़े क्वार्टर फाइनल मैच को अपने नाम कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज के मैन ऑफ द मैच रहे नैनमूर के सुरेंद्र जिन्होंने 2 ओवर में मात्र 13 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। आज के मुख्य अतिथि नागेंद्र नाथ बलिहार सोमन नागेश, गणेश मरकाम, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता रहे। प्रत्येक मैच का मैंन ऑफ द मैच बस्तर स्पोर्ट्स करपावंड संजू देवांगन के द्वारा दिया जा रहा है। आज के मुख्य अंपायर दीपक देवांगन एवं करण देवांगन रहे।

शनिवार को एक ही मुकाबला मारुति इलेवन करपावंड और कोलचुर के बीच 2 बजे खेला जाएगा।

# संयुक्त संचालक को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से संघ के उप प्रांतअध्यक्ष मोहम्मद शकील खान, महामंत्री कन्नूर हनुमंत राव, जिला पदाधिकारी स्मिता कच्छ, संभागीय पदाधिकारी साइना खान दुरानी, तारकेश्वर राव और फिजियोथेरेपी विभाग से डॉ. रुपेश खेडूलकर शामिल रहे। संयुक्त संचालक द्वारा इस कार्य को भी प्राथमिकता के साथ जल्दी ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

## ग्रामीणों के जीवन में ला रहा स्थायी बदलाव

# जल संरक्षण और आजीविका संवर्धन की मिसाल अमृत सरोवर बना घाटधनोरा की नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम पंचायत घाटधनोरा में निर्मित अमृत सरोवर आज जल-संरक्षण का मजबूत आधार, ग्रामीणों की आजीविका का साधन और गांव की नई पहचान बनकर उभर रहा है। बारिश के पानी को संरक्षित करने के उद्देश्य से बने इस सरोवर ने गांव को जल-संपन्न बनाने में उल्लेखनीय सफलता दिलाई है। सरोवर में उपलब्ध जल से 2.5 एकड़ कृषि भूमि को वर्षभर सिंचाई सुविधा मिल रही है,जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता और आय में अत्यधिक वृद्धि हुई है। ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग पर स्थित होने से यह अमृत सरोवर राहगीरों के लिए ठहरने और विश्राम का प्राकृतिक स्थल बन गया है। ग्रामीणों ने इसे स्वच्छ और आकर्षक बनाए रखने के लिए सामूहिक रूप से फलदार पौधों का रोपण किया है,जिससे तालाब का सौंदर्य और पर्यावरण दोनों सुरक्षित हो रहे हैं।

सरोवर में शासन से प्राप्त 25 किलो मछली बीज डाले जाने के बाद ग्रामीण बड़ी मात्रा में मछली पालन कर रहे हैं,जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। गांव के लोगों का कहना है कि अब उन्हें आजीविका के नए अवसर गांव में ही उपलब्ध हो रहे हैं।

अमृत सरोवर निर्माण के दौरान मनरेगा के तहत 1384 परिवारों को कुल 8424 मानव-दिवस का रोजगार मिला तथा 17.667 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया गया। महिलाओं ने बताया कि पहले रोजमर्रा के कामों के लिए दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था, पर अब गांव में ही पर्याप्त जल उपलब्ध होने से उनकी परेशानी दूर हो गई है।

अमृत सरोवर ने ग्राम पंचायत घाटधनोरा को जल-संपन्न बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव दिया है।

